आयुष्मान के लिये छत्तीसगढ़ को मिले चार राष्ट्रीय पुरस्कार

चर्चा में क्यों?

23 सितंबर, 2021 को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं **डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना** में छत्तीसगढ़ ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए **चार राष्ट्रीय पुरस्कार** प्राप्त किये हैं।

प्रमुख बिंदु

- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख भाई मंडाविया ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा नई दिल्ली में ऑनलाइन आयोजित **'आरोग्य मंथन 3.0'** में प्रदेश को ये पुरस्कार प्रदान किये।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा **छह श्रेणियों में पुरस्कार** वितरित किये गए, जिनमें से **चार श्रेणियों में छत्तीसगढ़ को पुरस्कृत किया गया**।
- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव के नेतृत्व में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना में छत्तीसगढ़ ने देश के अन्य राज्यों की तुलना में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है।
- **छत्तीसगढ़ को** चॉइस सेंटर्स के माध्यम से देश भर में सबसे ज़्यादा **आयुष्मान कार्ड के पंजीयन के लिये प्रथम स्थान** मिला है।
- राज्य के **प्रत्येक परिवार के कम-से-कम एक सदस्य के आयुष्मान कार्ड पंजीयन में भी छत्तीसगढ़ ने पूरे देश में पहला स्थान हासिल किया** है।
- प्रदेश के सूरजपुर ज़िले के भैयाथान विकासखंड के कुसमुसा गाँव के चॉइस सेंटर संचालक**सुनील कुमार कुशवाहा आयुष्मान कार्ड पंजीयन के मामले में पूरे देश में दूसरे स्थान पर** हैं।
- **लैंगिक-समानता** को प्राथमिकता देते हुए महिलाओं को योजना के माध्यम से उपचार उपलब्ध कराने के मामले में**छत्तीसगढ़ देश में तीसरे स्थान पर** है। योजना के माध्यम से प्रदेश की 3,20,661 महिलाओं को उपचार उपलब्ध कराया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chhattisgarh-got-four-national-awards-for-ayushman